अमर उजाला 25/08/2023

अवसर कोर्स शुरू करने वाला प्रदेश का पहला कॉलेज, 60 विद्यार्थी इस शैक्षिक सत्र में उठा सकेंगे फायदा

जीएमएन कॉलेज में एआई कोर्स होगा शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। कैंट के जीएमएन कॉलेज में बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कोर्स इस सेमेस्टर से शुरू होगा। यह कोर्स पूरे हरियाणा में पहली बार इसी कॉलेज में शुरू किया जा रहा है।

यह कोर्स कंपनी नेटमैक्स मोहाली और स्कॉलर बेंगलुरु के साथ मिलकर चलाया जाएगा। इसमें 60 विद्यार्थी पहले शिक्षा सत्र में हिस्सा ले सकेंगे। यह कोर्स छह सेमेस्टर का होगा। बीसीए एआई कोर्स पूरा करने के बाद वैश्विक स्तर पर बड़ी संख्या में नौकरी की संभावनाएं उपलब्ध हैं।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि हम प्रस्तावित पाठ्यक्रम में ऐसी शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं जो समाज को उसके भविष्य की जरूरतों को प्रभावी ढंग से और सकारात्मक रूप से पूरा करने में मदद करे। एआई के बाद विद्यार्थी अपनी आगे की उच्च शिक्षा के लिए प्रवेश ले सकते हैं। बीसीए एआई करने के बाद छात्रों के लिए विभिन्न उद्योगों, अनुसंधान और शिक्षण आदि में बहुत संभावनाएं हैं। मशीन गेम, स्पीच रिकग्निशन मशीन, लैंग्वेज डिटेक्शन, कंप्यूटर विजन, विशेषज्ञ सिस्टम और रोबोटिक्स विकसित करने की गुंजाइश है। छात्र डेटा वैज्ञानिक, डेटा विश्लेषक, डेटा इंजीनियर या डेटा डेवलपर के रूप में काम कर सकते हैं। छात्र डेटा वैज्ञानिकों की एक टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। नए पाठ्यक्रम को सुविधाजनक रूप से शुरू करने के लिए हमारे पास अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम और अन्य बुनियादी ढांचे हैं।

डॉ. सुरजीत सिंह।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त।

कोर्स करने के बाद रोजगार के अवसर

कंप्यूटर साइंस विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक तकनीकी क्षेत्र है। जिसमें मशीनों को मानव बुद्धि की तरह काम करने की क्षमता प्रदान की जाती है। एआई मशीनों को सीखने और समझने की क्षमता होती है। इससे वह डेटा को विश्लेषण कर सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं। एआई के कई प्रकार हो सकते हैं, जैसे मशीन लर्निंग, जिसमें मशीनें अपने आप से सीख सकती हैं और डीप लर्निंग, जो बहुत बड़े डेटा सेट्स के साथ काम करने की क्षमता होती है।